गैलेथिया खाड़ी

[स्रोत: बिज़िनेसलाइन](#)

बंगाल की खाड़ी में [ग्रेट निकोबार द्वीप](#) के पास स्थित **गैलेथिया खाड़ी** में मेगा [इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट (ICTP)](#) को आधिकारिक तौर पर भारत के 13वें प्रमुख बंदरगाह के रूप में नामित किया गया है। **कोरोमंडल तट (चेन्नई)** पर स्थित **कामराज बंदरगाह** देश का **12वाँ प्रमुख (वृहद) बंदरगाह है।**

ICTP:

- **रणनीतिक स्थान: ICTP पूर्व-पश्चिम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और शिपिंग मार्ग के साथ-साथ सिंगापुर, क्लैंग और कोलंबो जैसे प्रमुख ट्रांसशिपमेंट केंद्रों के नजदीक है। यह स्थान वैश्विक व्यापार नेटवर्क में इसके महत्त्व को बढ़ाता है।**
- वैश्विक समुद्री व्यापार में 35% की भागीदारी वाले प्रमुख शिपिंग मार्ग के रूप में [मलक्का जलडमरूमध्य](#) से सिर्फ 40 समुद्री मील की दूरी पर स्थित इस बंदरगाह द्वारा भारत के पूर्वी तट, बांग्लादेश और म्यांमार के संदर्भ में प्रमुख ट्रांसशिपमेंट केंद्र के रूप में उभरने की मज़बूत क्षमता है।
- आर्थिक लाभ: वर्तमान में भारत का लगभग 75% ट्रांसशिप्ड कार्गो विदेशी बंदरगाहों पर निर्भर है। ICTP का उद्देश्य इस निर्भरता को कम करना है।
- इससे भारतीय बंदरगाहों को ट्रांसशिपमेंट शुल्क में प्रतिवर्ष अनुमानतः 200-220 मिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हो सकती है।

ग्रेट निकोबार द्वीप:

- यह निकोबार द्वीपसमूह का सबसे दक्षिणी और सबसे बड़ा द्वीप है। [अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह](#) में 836 द्वीप शामिल हैं, जो दो समूहों में विभाजित हैं: उत्तरी अंडमान द्वीपसमूह और दक्षिणी निकोबार द्वीपसमूह, **जो 10 डिग्री चैनल द्वारा विभाजित हैं।**

और पढ़ें: [ग्रेट निकोबार द्वीप में अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/galathea-bay